आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राष्ट्रमंडल सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश नारायण सिंह भी इस मौके विशेष रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन में हिमाचल के अलावा पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक और उप–मुख्य सचेतक शामिल हुए। इसके अलावा कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष सम्मेलन में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने संबोधन में सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि ये सम्मेलन लोकतंत्र को मज़बूत करने, विधायी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और आपसी सहयोग को मज़बूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू करने को बेहद ज़रूरी बताया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने बताया कि सम्मेलन में विकास में विधायकों की भूमिका, दलबदल विरोधी कानून और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इसमें हम पांच स्टेट्स तो जो है वो होस्ट स्टेट्स हैं, जिसमें हिमाचल है, जम्मू कश्मीर है, साथ में पंजाब है, हरियाणा है, दिल्ली है, जो इशूज हमने कॉन्फ्रेंस में रखे हैं, जिसमें तीन इशूज हैं, रोल ऑफ द लेजिस्लेचर्स इन मैनेजिंग द स्टेट रिसोर्सेस विजा बेस डेवलपमेंट ऑफ द स्टेट, दूसरा जो 10 th शेड्यूल है एंटी डिफेक्शन लॉ उसके ऊपर क्या दृष्टिकोण है सभी राजनीतिक दलों का और तीसरा आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो एक महत्वपूर्ण विषय है उसके ऊपर किस प्रकार से लेजिसलेचर की इस प्रोसेस को हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से और सशक्त और मजबूत कर सकते हैं.

भाजपा

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है और आज नामांकन पत्र भरने के दिन केवल एक ही नामांकन पत्र भरा गया, जो वर्तमान अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भरा है। ऐसे में राजीव बिंदल का फिर से प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए भी 8 ही नामांकन पत्र भरे गए। इनमें पवन काजल, राजीव सहजल, त्रिलोक कपूर, पायल वैद्य, बिहारी लाल शर्मा, संजीव कटवाल और गोविंद ठाकुर शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कल शिमला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा करेंगे। भाजपा चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजीव

बिंदल के नाम 3 अनुमोदन दाखिल हुए हैं। पहले सैट में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सभी विधायकों ने अनुमोदन किया। इसी प्रकार दूसरे सैट में अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में सभी सांसदों ने अनुमोदन प्रस्तुत किया है। तीसरे सैट में गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम प्रस्तुत किया।

हमारे पास प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल एक ही नाम के तीन सेट प्राप्त हुए हैं,जो प्रस्ताव प्राप्त हुआ है वो डॉक्टर राजीव बिंदल जी का प्राप्त हुआ है,अध्यक्ष और हमारे जो आठ जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का जो प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए हैं,उनकी विधिवत घोषणा कल पीटर हॉफ में 11 बजे केंद्र की ओर से हमारे जो केंद्रीय मंत्री हैं डॉक्टर जितेंद्र जी वो आकर इनकी विधिवत घोषणा प्रदेश अध्यक्ष की भी और राष्ट्रीय परिषद के आठ सदस्यों की भी घोषणा करें।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हुआ है। भारी वर्षा के बाद एक ओर जहां नदी–नाले उफान पर हैं, वहीं भूस्खलन व भवन गिरने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। सिरमौर ज़िले में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और प्रशासन ने आपात स्थिति के लिए गोताखोर तैनात किए हैं। किन्नौर ज़िले में भी सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद 4 सौ 50 मैगावॉट शौंगठौंग बिजली परियोजना का निर्माण कार्य बंद हो गया है। प्रदेश में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में 44 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 5 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण 2 सौ 59 सड़कों पर यातायात अवरूद्ध है जबकि एक सौ 30 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में भारी वर्षा के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक में बंद सड़कों, बिजली ट्रांसफार्मरों और पेयजल योजनाओं को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने मंडी, कुल्लू और कांगड़ा ज़िला प्रशासन को सभी बड़े बांधों की निगरानी के निर्देश भी जारी किए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने 5 जुलाई तक प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने, नदी–नालों से दूरी बनाए रखने और अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की है।

....